# संबंध
# (Relationships)

सम्बन्ध आधारित प्रश्नों में दिये गये तथ्यों के आधार पर दो व्यक्तियों का परस्पर सम्बन्ध (Relation) पूछा जाता है। इन प्रश्नों को हल करने के लिए प्रतियोगी को मानव जाति के रिश्तों का ज्ञान होना आवश्यक है। माता, पिता, भाई, बहन, इत्यादि सीधे रिश्ते हैं अर्थात ये एक ही परिवार के अंग हैं तथा लगभग सभी व्यक्तियों को इनकी जानकारी होती है।

मानव जाति में कुछ अन्य रिश्ते निम्न हो सकते हैं–

मामा = माता जी के भाई

मामी = मामा की पत्नी

दादा = पिता के पिता

दादी = पिता की माता

चाचा = पिता के भाई

चाची = चाचा की पत्नी

नाना = माता के पिता

नानी = माता की माता

भाई = माता या पिता का पुत्र

जीजा = बहन का पति

श्वसुर = पत्नी के पिता या पति के पिता

सास = पत्नी की माता या पति की माता

बुआ = पिताजी की बहन

फूफा = बुआ के पति या पिता के जीजा

साला = पत्नी का भाई

साली = पत्नी की बहन

देवर = पति का भाई

सम्बन्ध आधारित प्रश्नों में प्रायः उपर्युक्त शब्दावलियों का ही प्रयोग किया जाता है। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि सम्बन्ध प्रायः एक-दूसरे से सम्बद्ध होते हैं जैसे आपके पिता आपके पुत्र के दादा होंगे। किसी व्यक्ति के साथ आपका जो रिश्ता होगा लगभग वही रिश्ता उस व्यक्ति के साथ आपके भाई या बहन का भी होगा।

नोट- पूर्व परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि लगभग सभी परीक्षाओं में रक्त संबंध परीक्षण के खंड से 2 से 3 प्रश्न अवश्य ही पूछे जाते हैं। सामान्यतः देखा गया है कि परीक्षार्थी या तो इन प्रश्नों को छोड़ देता है या इनमें गलती कर देता है। इन प्रश्नों को हल करने का मूल मंत्र बस इतना सा है कि इन्हें खुद से जोड़ कर हल करने का प्रयास करें।

### ❑ देखें रिश्ता सम्बन्धी एक प्रश्न

**प्रश्न**–एक महिला का परिचय कराते हुए एक पुरुष बोला, ''उसकी माता मेरी सास की इकलौती पुत्री है।'' उस पुरुष का उस महिला से क्या सम्बन्ध है।

**हल**–जैसा कि उपर्युक्त प्रश्न से स्पष्ट है कि रिश्ता सम्बन्धी प्रश्न थोड़ा घुमा कर पूछे जाते हैं। इन प्रश्नों में दिये गये तथ्यों को कई भागों में तोड़कर उत्तर शीघ्रता से प्राप्त किया जा सकता है–


उपर्युक्त प्रश्न में तथ्य है–

''उसकी माता मेरी सास की इकलौती पुत्री है।''

सर्वप्रथम तथ्य के दूसरे भाग 'सास की इकलौती पुत्री' को लें। पुरुष की सास का अर्थ है उसकी पत्नी की माँ। इस माँ की इकलौती पुत्री का अर्थ है पुरुष की पत्नी।


अब तथ्य के प्रथम भाग को लें–''उसकी माता'' इसका अर्थ है पुरुष की पत्नी परिचय कराई जाने वाली महिला की माता है। अपनी पत्नी की पुत्री पुरुष की भी पुत्री होगी। अतः स्पष्ट है कि पुरुष एवं महिला का सम्बन्ध पिता-पुत्री का है।

निम्न चित्र से पुरुष एवं महिला का सम्बन्ध स्पष्ट है–




### ❑ एक अन्य उदाहरण

अपने पुत्र के चित्र की ओर इशारा करके पुरुष महिला से बोला, ''उसकी माँ तुम्हारी माँ की इकलौती पुत्री है।'' महिला एवं पुरुष में क्या सम्बन्ध है।




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि पुरुष एवं महिला में पति-पत्नी का सम्बन्ध है।

### ❑ कैसे?

इस प्रश्न में वर्णित तथ्य के भी दो भाग हैं–

उसकी माँ, तुम्हारी माँ की इकलौती पुत्री है।

अपनी माँ की इकलौती पुत्री वह स्वयं ही होगी।

**सम्बन्ध स्पष्ट है**–पुरुष चित्र में दिखाये गये बालक का पिता तथा महिला बालक की माँ है।

अर्थात पुरुष तथा महिला के मध्य पति-पत्नी का सम्बन्ध है।

## ❑ कुछ उदाहरण

**उदाहरण 1.** एक परिवार में छः सदस्य है–M, N, O, P, Q तथा R , R की बहन O है। Q के पति का भाई M है, M के पिता P तथा दादा R हैं। बताइये Q और P में क्या सम्बन्ध है।


(1) पुत्रवधू और श्वसुर (2) पुत्रवधू और चाचा

(3) पुत्री और पिता (4) पुत्री और माता

**उत्तर व्याख्या सहित–**

**उदाहरण 1.** चूँकि M का पिता P तथा दादा R है एवं O, R की बहन है तथा M, Q के पति का भाई है इसलिए केवल N बचा जो Q का पति है। M तथा N के पिता P हैं इसलिए Q तथा P में पुत्रवधू और श्वसुर का रिश्ता होगा।

**चित्र द्वारा स्पष्टीकरण (Short Cut Method)**




**उदाहरण 2.** यदि 'अ + ब' का अर्थ–'ब' की अ बहन है, 'अ × ब का अर्थ है 'ब' का 'अ' भाई है। यदि 'अ-ब' का अर्थ है–'ब' का 'अ' बाप है तो निम्नलिखित में से किसका अर्थ है–'स' की द' बुआ है?

(1) अ + ब - ब

(2) द + अ - स

(3) ब + स - फ

(4) अ + ब + स

**उत्तर व्याख्या सहित–(2)** द + अ - स का अर्थ हुआ 'द' 'अ' की बहन है तथा 'अ' 'स' का बाप है अतः 'द' 'स' की बुआ हुई।

**उदाहरण 3. निर्देश**–(प्रश्न 1-5) एक परिवार में 5 सदस्य A,B,C,D,E हैं। इनमें से E पिता है जिसके दो पुत्र, एक अविवाहित पुत्री तथा एक बहू है। A उपरवर्णित बहू का देवर है। B की बहन B की पत्नी को पसन्द नहीं करती। परन्तु A और उसके पिता B की पत्नी D को पसन्द करते हैं।

**1.** E की पुत्री कौन है?

(a) A (b) B

(c) C (d) D

**2.** E का B से क्या सम्बन्ध है?

(a) पिता (b) पुत्र

(c) पुत्री (d) बहू

**3.** A का D से क्या सम्बन्ध है?

(a) भाई (b) देवर

(c) चाचा (d) पिता

**4.** कौन से दो E के पुत्र हैं?

(a) C एवं D (b) B एवं C

(c) A एवं D (d) A एवं B

**5.** B की बहन कौन है?

(a) C

(b) D

(c) A

(d) इनमें से कोई नहीं।

**उत्तर–** 1. (c), 2. (a), 3. (b), 4. (d), 5. (a)

### उत्तर व्याख्या सहित

परिवार से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करने के लिए परिवार का वंश-वृक्ष तैयार कर लेना चाहिये।

प्रश्न में निहित तथ्यों के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त होते हैं–


1. E पिता है जिसके दो पुत्र हैं। ये दो पुत्र ABCD में से कोई दो हो सकते हैं।

2. E के दो पुत्रों में से एक विवाहित है तथा दूसरा अविवाहित है।

3. विवाहित पुत्र B है जिसकी पत्नी D है।

4. अविवाहित पुत्र A है।

5. स्पष्ट है कि अविवाहित पुत्री C होगी।




चित्र से स्पष्ट है कि–


1. E की पुत्री C है।
2. E, B का पिता है।
3. A, D का देवर है।
4. E के दो पुत्र A एवं B हैं।
5. B की बहन C है।

**उदाहरण 4.** अरुण कहता है ''यह लड़की मेरी माता के पौत्र की पत्नी है।'' अरुण लड़की का कौन हुआ यदि अरुण अपने माता पिता की इकलौती संतान है?

(a) पिता (b) पितामह
(c) पति (d) श्वसुर

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार,





अतः अरुण लड़की का श्वसुर है।

## परीक्षोपयोगी प्रश्न

**1. एक तस्वीर को देखकर पुष्पा ने कहा, 'इस आदमी की पत्नी लक्ष्मी, मेरी बेटी की बुआ की मां है।' पुष्पा लक्ष्मी से कैसे संबंधित है?**

(a) सास (b) दादी
(c) मां (d) बहू

**उत्तर—(d)**





पुष्पा की बेटी की बुआ की मां अर्थात पुष्पा की ननद की मां लक्ष्मी है। यानी लक्ष्मी पुष्पा की सास होगी। अतः लक्ष्मी की बहू पुष्पा होगी।

**2. अकबर ने एक तस्वीर की ओर संकेत किया और कहा, 'वह मेरे साले के पिता के भाई की इकलौती भतीजी है।' वह अकबर से कैसे संबंधित है?**

(a) बेटी (b) बहन
(c) भाभी (Sister-in-Law) (d) पत्नी

**उत्तर—(d)**





अकबर के साले के पिता के भाई की इकलौती भतीजी, अकबर की पत्नी होगी।

**3. एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए रितिक कहता है, 'तस्वीर में यह औरत मेरे भांजे की नानी है।' तस्वीर में महिला रितिक की इकलौती बहन से कैसे संबंधित है?**

(a) चचेरी (b) ननद
(c) मां (d) सास

**उत्तर–(c)**





स्पष्ट है रितिक का भांजा रितिक की इकलौती बहन का पुत्र है। अतः तस्वीर की महिला, रितिक के बहन की मां है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**4. रीमा एक तस्वीर की तरफ संकेत करके कहती है, 'वह मेरे पुत्र के दादा की इकलौती बहू के पिता का पिता है।' वह रीमा से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) चाचा (b) दादा
(c) नाना (d) पिता

**उत्तर–(b)**





स्पष्ट है कि पुत्र के दादा की इकलौती बहू रीमा है तथा रीमा के पिता के पिता; रीमा के दादा हैं। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**5. एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए एक महिला ने कहा, 'यह मेरे दादाजी के इकलौते बेटे का बेटा है'। तस्वीर का व्यक्ति उस महिला का क्या लगता है?**

(a) पिता (b) दादा
(c) बेटा (d) भाई

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर





चित्रानुसार, स्पष्ट है कि वह महिला तस्वीर वाले व्यक्ति की बहन होगी क्योंकि तस्वीर वाला व्यक्ति महिला के दादा के इकलौते पुत्र अर्थात महिला के पिता का बेटा अर्थात महिला का भाई है।

**6. तस्वीर में एक आदमी की तरफ संकेत करते हुए, गुंजन ने कहा, 'उसकी मां की इकलौती बेटी मेरी मां है।' गुंजन उस आदमी से किस तरह से संबंधित है?**

(a) भांजा (Nephew) (b) बहन
(c) पत्नी (d) भांजी (Niece)

**उत्तर—(d)**





चित्रानुसार, स्पष्ट है कि आदमी की मां की बेटी अर्थात आदमी की बहन, गुंजन की मां है। यानी आदमी गुंजन का मामा होगा। अतः गुंजन उस आदमी की भांजी होगी।

**7. एक फोटो की ओर संकेत करते हुए रीता कहती है, 'वह मेरे दादा की इकलौती पुत्री का पुत्र है।' फोटो में दिख रहे लड़के से रीता किस प्रकार संबंधित है?**

(a) भाई/बहन (b) पिता
(c) भांजा/भतीजा (d) नाना

**उत्तर–(a)**





रीता के दादा की इकलौती पुत्री का पुत्र रीता का भाई होगा।

**8. एक तस्वीर को देखते हुए, आनंद ने कहा, 'यह आदमी मेरे पिता की सास का ज्येष्ठ पुत्र है।' आनंद की मां इस आदमी से कैसे संबंधित है?**

(a) मां
(b) बेटी
(c) मामी (Maternal Aunt)
(d) बहन

**उत्तर—(d)**





स्पष्ट है आनंद के पिता की सास, आनंद की मां की मां होगी अर्थात आनंद की नानी और आनंद की नानी का ज्येष्ठ पुत्र आनंद की मां का भाई होगा। अतः आनंद की मां तस्वीर वाले आदमी की बहन होगी।

**9. एक आदमी के चित्र को देखते हुए इरफान ने कहा, 'उसकी मां मेरे पिता के बेटे की पत्नी है।' मेरे कोई भाई या बहन नहीं है, तो इरफान किसके चित्र को देख रहा था?**

(a) अपने बच्चे की (b) अपने पिता की
(c) अपने पोते की (d) अपने भतीजे की

**उत्तर—(a)**





आदमी की मां, इरफान के पिता के बेटे की पत्नी है, जबकि इरफान के कोई भाई-बहन नहीं है। यानी इरफान की पत्नी, आदमी की मां होगी। अतः चित्र वाला आदमी इरफान का बच्चा होगा।

**10. किसी फोटोग्राफी की ओर इंगित करते हुए एक व्यक्ति अपने मित्र को बताता है, 'वह मेरे पिता के बड़े भाई की पौत्री है।' फोटोग्राफ में दर्शित वह लड़की इस व्यक्ति से क्या संबंध रखती है?**

(a) चाची (b) साली
(c) भतीजी (d) बहन

**उत्तर (c)**





व्यक्ति के पिता के बड़े भाई की पौत्री व्यक्ति की रिश्ते में भतीजी होगी।

**11. एक फोटोग्राफ में किसी पुरुष की ओर इंगित करते हुए एक महिला कहती है, 'उसके भाई के पिताजी मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र हैं।' वह महिला फोटोग्राफ के पुरुष से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) माता (b) चाची
(c) बहन (d) पुत्री

**उत्तर (c)**

प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर





चित्र से स्पष्ट है कि फोटोग्राफ का पुरुष उस महिला का भाई है एवं वह महिला उस पुरुष की बहन है।

**12. एक छायाचित्र की ओर इशारा करते हुए सुरेश ने अपने मित्र सुनील से कहा कि, 'वह मेरी माता के पिता की इकलौती पुत्री है।' तो सुरेश का, छायाचित्र की स्त्री से क्या संबंध है?**

(a) पुत्री (b) पुत्र
(c) भाई (d) निर्णय करना असंभव है

**उत्तर (b)**





अर्थात छायाचित्र, सुरेश की माता का है इसलिए सुरेश छायाचित्र वाली महिला का पुत्र है।

**13. एक महिला को देखते हुए, जॉय ने कहा, 'वह मेरी मां की सास के पति की मां है।' उस महिला का जॉय के पिता से क्या रिश्ता है?**

(a) मां (b) चाची
(c) सास (d) दादी

**उत्तर–(d)**





जॉय की मां की सास के पति, जॉय के पिता के पिता होंगे। जॉय के पिता के पिता की मां, जॉय के पिता की दादी होंगी। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**14. आरुशी का परिचय देते हुए अजय ने कहा, 'वह मेरी माता के इकलौते भाई के इकलौते भांजा की पत्नी है।' आरुशी का अजय से क्या संबंध है?**

(a) पत्नी (b) बहन
(c) साली (d) सास

**उत्तर–(a)**





अजय की माता के इकलौते भाई, अजय के मामा होंगे और अजय के मामा के इकलौता भांजा स्वयं अजय होगा और अजय की पत्नी आरुशी है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**15. एक लड़की का परिचय कराते हुए लड़का कहता है, 'वह मेरे चाचा के पिता के पुत्र की पुत्री है।' लड़की, लड़के से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) भतीजी/भांजी (b) बहू
(c) बहन (d) चाची/मामी

**उत्तर–(c)**




लड़का के चाचा के पिता का पुत्र, लड़के का चाचा या पिता होगा तथा चाचा या पिता की पुत्री लड़के की बहन/चचेरी बहन होगी। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**16. राम ने कहा, 'सीता मेरे परदादा के इकलौते बेटे की इकलौती बहू है।' सीता राम से कैसे संबंधित है?**

(a) मामी (b) चाची

(c) मां (d) बहन

**उत्तर—(c)**





राम के परदादा के इकलौते बेटे, राम के दादा होंगे और राम के दादा की इकलौती बहू, राम की मां होगी।

**17. B तथा Q भाई हैं। Q, L का पुत्र है। L, J का भाई है। J, N का पुत्र है। B, N से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) पुत्र (b) भाई

(c) पौत्र (d) पिता

**उत्तर—(c)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि B, N का पौत्र होगा।

**18. यदि 'A + B' का अर्थ 'A, B का पिता है' ,' 'A – B' का अर्थ 'A, B की माता है', 'A * B' का अर्थ 'A, B का भाई है' तथा 'A % B' का अर्थ 'A, B की बहन है' हो, तो 'P + Q * R – S' में Q, S से किस प्रकार संबंधित है?**

(a) पति (b) मामा


(c) भाई (d) पिता

**उत्तर—(b)**

P + Q = P, Q का पिता है।

Q * R = Q, R का भाई है।

R – S = R, S की माता है।





चित्रानुसार स्पष्ट है कि Q, S का मामा होगा।

**19. पूनम, विराट से किस प्रकार संबंधित है। यदि वह उसे अपनी मां के पिता की इकलौती पुत्री की इकलौती बहू बताता है?**

(a) पत्नी (b) पुत्री

(c) मामी (Maternal Aunt) (d) बुआ (Paternal Aunt)

**उत्तर—(a)**





विराट के मां के पिता अर्थात विराट के नाना की इकलौती पुत्री अर्थात विराट की मां ही होगी। विराट की मां की इकलौती बहू पूनम है अर्थात पूनम, विराट की पत्नी होगी।

**20. अनिल चेतना से किस प्रकार संबंधित है। यदि वह उसे अपनी मां की मां की इकलौती नातिन की पुत्री बताता है?**

(a) पिता (Father) (b) मामा (Maternal Uncle)

(c) चचेरा भाई (Cousin) (d) नाना (Grandefather)

**उत्तर—(b)**




अनिल की मां की मां अर्थात अनिल की नानी की नातिन , अनिल की बहन होगी और अनिल के बहन की पुत्री (चेतना) उसकी भांजी होगी। अतः चेतना का मामा अनिल होगा।

**निर्देश- (प्रश्न 21 से 24 तक) नीचे दिए गए परिच्छेद को पढ़ें तथा प्रश्नों के उत्तर दें—**

**परिच्छेद**


अशोक मेहता के तीन बच्चे हैं: ऊषा, रामचंद्र व सुनील। सुनील की रीता से शादी हुई, जो मि. व मिसेज माथुर की सबसे बड़ी पुत्री है। मि. व मिसेज माथुर ने अपनी सबसे छोटी पुत्री का विवाह मि. व मिसेज सक्सेना के सबसे बड़े पुत्र से किया, जिनके दो बच्चे हैं, उनका नाम संजय व सुनीता है। मि. व मिसेज माथुर के दो और बच्चे हैं, राकेश तथा बिंदू, दोनो शांति से बड़े हैं। सोनू व सुरेंद्र, सुनील व रीता के पुत्र हैं। लता, संजय की पुत्री है।

**21. लता का सरनेम क्या है?**

(a) सक्सेना (b) माथुर

(c) मेहता (d) संजय

**उत्तर (a)**




चूंकि लता शांति सक्सेना के पति संजय सक्सेना की पुत्री है। अतः लता का सरनेम सक्सेना होगा।

**22. सोनू का रीता के पिता से क्या संबंध है?**

(a) बेटा (b) नाती

(c) दामाद (d) चचेरा भाई

**उत्तर (b)**

चूंकि सोनू की मां रीता के पिता मि. माथुर हैं। अतः सोनू रीता के पिता का नाती है।

**23. सोनू का सरनेम क्या है?**

(a) राकेश (b) सक्सेना

(c) माथुर (d) मेहता

**उत्तर (d)**

चूंकि सोनू के पिता सुनील के पिता अशोक मेहता हैं। अतः सोनू का सरनेम मेहता होगा।

**24. मिसेज माथुर का सुनील से क्या संबंध है?**

(a) मां (b) सास

(c) भाभी (d) चाची

**उत्तर (b)**


मिसेज माथुर सुनील के पत्नी की मां हैं। अतः मिसेज माथुर सुनील की सास हैं।

**25.** एक व्यक्ति की ओर संकेत करते हुए, अर्नव ने प्रीति से कहा ''उसकी मां तुम्हारे पिता की इकलौती बेटी है।'' प्रीति उस व्यक्ति से किस प्रकार संबंधित है?

(a) आंटी (b) मां

(c) पत्नी (d) बेटी

**उत्तर- (b)**





स्पष्ट है उस व्यक्ति की मां ही प्रीति है। अतः (b) सही उत्तर है।

**26.** एक पुरुष की तस्वीर की ओर संकेत करते हुए संयोग कहता है- 'वह मेरे मामा की बेटी का भाई है। तस्वीर वाला पुरुष संयोग से किस प्रकार संबंधित है?

(a) चचेरा भाई (b) चाचा

(c) मामा (d) पिता

उत्तर- (a)





उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि तस्वीर वाला पुरुष संयोग का कजिन (ममेरा भाई) है।

**27.** U, W का पिता है और X, V का पुत्र है। Y, U का भाई है। यदि W, X की बहन है, तो V, Y से किस प्रकार संबंधित है?

(a) पुत्री (b) देवर

(c) पति (d) भाभी

उत्तर (d)




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि U, V का पति है और Y का भाई है। इसलिए V, Y की भाभी होगी।